हिमाचल प्रदेश सरकार



Scheme for Creation of Task Force of Youth Volunteers for Disaster Preparedness and Response

IMPLEMENTATION GUIDELINES

Himachal Pradesh State Disaster Management Authority

Government of Himachal Pradesh
Department of Revenue(Disaster Management)

No.Rev(DMC)(F)4-2/2000/SEC Dated the 29 September, 2018

NOTIFICATION:

The Governor, Himachal Pradesh is pleased to notify Scheme on "Creation of Task Force of Youth Volunteers" as per the Annexure enclosed (English & Hindi) spelling out the role of Stakeholders on the recommendations of State Executive Committee constituted as per provisions of Disaster Management Act-2005 to build a safer and disaster resilient State by initiating proactive prevention, mitigation and preparedness to ensure minimize loss of life, livelihood and property with immediate effect.

All concerned stakeholder departments will implement the scheme in their respective departments in letter and spirit and send action plan and requirement of funds to the Revenue (DM) department within a month's period.

By order
Manisha Nanda
Additional Chief Secretary(Rev-DM) to the
Government of Himachal Pradesh.
27.9.18.

To

1. All Administrative Secretaries to the Government of Himachal Pradesh.
2. All Heads of Departments in Himachal Pradesh.
3. All Deputy Commissioners-cum-Chairman, DDMAs in HP.
4. The Secretary (GAD) to the Government of Himachal Pradesh w.r.t. item No.15 of Cabinet decision held on 14.8.2018 for information.
5. The Commandant General(Home Guard/Civil Defence/Fire), Himachal Pradesh.
6. The Director, HP Institute of Public Admn, Fairlawns, Simla-12
7. The Director, Atal Bihari Vajpayee Institute of Mountaineering and Allied Sports, Manali (HP).
9. The Controller of P&S, HP for publication in Gazette.

(Milap Chand),
Under Secretary(Rev-DM) to the
Government of Himahal Pradesh.

I. BACKGROUND

Himachal Pradesh is one of the most multi-hazard prone State of India. The State faces various types of natural hazards like the geological hazards, earthquake and landslide; hydrological hazards of riverine floods, flash floods and glacial lake outburst floods; meteorological hazards of droughts, hailstorms & cloudbursts; and climatological hazards of cold wave, frosts and avalanche. The frequency and intensity of most of these hydro-meteorological hazards are compounded by climate change and its impacts on agriculture, horticulture, human settlements and human and animal health. Further, the State routinely faces various manmade hazards such as fires, transport related accidents, stampedes in religious fairs etc. that take a toll of consume considerable human lives.



Sparse density of population of the mountainous State has kept the level of human exposure to the risks of disaster in Himachal Pradesh relatively low as compared to many states of the country. However, the location of high value infrastructure, such as hydro-electric projects and communication networks, productive assets and vulnerable houses, social and community infrastructure in various hazard zones has exposed the economy of the state to considerable risks of disasters. Such risks are particularly existing in unplanned & growing urban settlements, such as the capital city of Shimla. Besides the pressures related to population rise, the floating population of tourists and migrants also increases the human exposure to such hazards. The capacities to prepare for and respond to disasters are limited.

The State routinely faces small to medium scale disasters with average annual loss of 1,678 human lives, 7,711 animals, 349 thousand tons of agricultural and horticultural crops, and 119 thousand trees besides damages to 8,671 houses and unaccounted damages to roads and other infrastructure. Further, the potential maximum loss that could be many times more if major earthquake ruptures the seismic fault lines with devastating impacts on the life and economy of the state. Considering the average return period, experts have warned that such catastrophic disaster is long overdue in the state.

II. VOLUNTEERISM FOR DISASTER PREPAREDNESS AND RESPONSE

Volunteers are generally first on the scene in disaster situations. Since the extent of damage including both material loss and loss of human lives is greatly influenced by the initial response to a disaster, this observation carries particular weight. Yet, while the role of volunteers in disaster response is being increasingly documented and understood, knowledge about voluntary action in reconstruction, relief management and, above all, in disaster preparedness is very limited. Resolution 56/381 of the UNGA on support for volunteering singles out disasters as one of the leading areas where volunteers contribute to society. Nonetheless, despite the increasing understanding about the many forms of disasters and their consequences and how to predict them, the significance of volunteers and volunteer involving organizations has not been capitalized in the activities related to disaster management, including prevention, mitigation, response & recovery.

A sound governance structure for disaster reduction allows and encourages expressions of volunteerism and norms of social reciprocity during natural disasters. In reality, governance and institutional policy frameworks for incorporating volunteers and volunteer involving organizations (VIOs) into risk reduction management systems are largely absent. At its most benign, this results in wastage in terms of missing out on the impact of well prepared and coordinated volunteer responses. At its worst, overlooking the spontaneous but often untrained volunteer responses at the planning stage can result in life–threatening situations for disaster victims as well as for volunteers themselves.

Public awareness and recognition of the role and contribution of volunteers and volunteer involving organizations is a critical ingredient to a comprehensive risk reduction management plan. In the immediate aftermath of a disaster, the first response, both spontaneous and organized, generally comes from local communities. To take full advantage of community resilience after a disaster, affected communities need to be well prepared. A first step in this direction is the formal recognition of the value of local volunteer efforts. Such recognition needs to be translated into provision of adequate financial and human resources and the integration of effective volunteer management practices into disaster management programmes.

III. DM ACT, RULES AND POLICY – VOLUNTEERISM IN THE STATE

The Disaster Management Act, 2005 under Section 30 (2) (xii) lays down that the District Disaster Management Authority (DDMA) shall organize and coordinate specialized training programs for different levels of officers, employees and voluntary rescue workers in the district.

The Himachal Pradesh State Policy on DM, 2009 states the role and importance of the community, village volunteers, village disaster management teams, village youth and women organisation, CSO, NGOs etc. under the leadership of the local authorities, PRIs and ULBs, being the bedrock of the process of disaster response, is well recognized. The State Policy on Disaster Management provides for the training of State and District Level Search and Rescue (SAR) Force and training of volunteers, NCC, NSS, NYKS, VDMTs, Mahila and Yuvak Mandals etc. in SAR and First Aid.

The H. P. State Disaster Management Plan 2017 envisages the volunteers as secondary agency in Emergency Support Functions (ESFs) for the Search and Rescue in the State in case of any disaster.

Volunteerism for Disaster Preparedness and Response

Under the Priorities of Action of Sendai Framework for Disaster Risk Reduction 2015-2030, the National and Local Level Activities provide for building the knowledge of government officials at all levels, civil society, communities and volunteers, as well as the private sector, through sharing experiences, lessons learned, good practices and training and education on DRR, including the use of existing training & education mechanisms and peer learning.

The Vision Document as adopted by the Government provide that in order to tackle natural calamities like earthquake and landslides, a task force of youth volunteers will be constituted at local level.

IV. RATIONALE OF VOLUNTEERS IN DISASTER RISK REDUCTION

Considering the complexities of a disaster management cycle, it is very challenging to ensure effective measures in all phases of disasters. It requires time, capacities and resources- specifically human resources, to deliver quality services related to disaster risk reduction. A majority of the organization and agencies working in this field believe that volunteers can provide or assist in providing a number of services before, during and after a disaster. The direct services and assistance provided by volunteers are invaluable. Following are some of the most crucial roles volunteers can play in disaster risk management:

1. Advocacy: Volunteers may also act as advocates for change by representing the needs of the community to local and State governments.
2. Bulk Distribution: Volunteers can assist in the procurement and distribution of basic commodities like food, water, medicines, health and sanitary needs, bedding, construction material, shelter, etc.
3. Clean-Up and Rebuilding: Volunteers can help individual's clean-up, repair, and rebuild their houses damaged by disasters.
4. Communication Services: Volunteers can assist in providing emergency communication to fellow agencies and local government personnel who are responding to the disaster.
5. Community Disaster Education: Volunteers can get involved in community disaster education. For example, they can distribute pamphlets and give presentations to community groups on how to prepare for disasters.
6. Community Outreach: Volunteers can contact individuals and organizations to educate them about the local disaster relief operation, the existing damage, and possible ways they can support the relief effort.
7. Construction, Repairs & Retrofitting: Volunteers can assist in safe construction of new houses, making repairs to the buildings damaged by disaster, and in retrofitting of existing buildings.
8. Counselling: Volunteers can provide individual and family counselling and emotional support to the victims of a disaster.
9. Damage Assessment: Volunteers can physically review areas affected by disaster in order to assess the damage caused by a disaster assign a value that can be used to estimate the resources required for rebuilding or reconstruction.
10. Debris Removal: Volunteers can assist in debris removal and activities such as mucking out and cutting and clearing trees from entry ways.
11. Disaster Planning: Volunteers can work with communities before disasters occur to help them take steps to minimize the effects of disaster and prepare them for coping with any possible disaster situation.
12. Donations Management: Volunteers can assist governmental and/or relief agencies in donation management for both cash and in-kind donations. These systems address receiving, transporting, warehousing and distributing the donations during disasters.
13. Emergency Assistance: Volunteers can provide the localized emergency assistance immediately following a

disaster including food, clothing, shelter, bedding, comfort supplies, etc.

14. Financial Assistance: Volunteers can provide assistance to relief agencies in raising funds, financial aid and/or long-term rehabilitation grants.

15. Financial Planning: Volunteers can help disaster victims locate personal financial records, review their current financial situation, and provide advice to help them recover from the financial effects of disaster.

16. Funeral Services: Volunteers can assist in arranging funeral services for families that have lost loved ones in a disaster.

17. Health Care: Volunteers can provide first aid on disaster sites and can also support other public health care organizations that provide assistance to disaster victims.

18. Identification of victims: Volunteers can help in locating the disaster victims and provide information to inquiring family and friends outside the impacted area.

19. Livestock and Pet Care: Volunteers can focus on the care of animals during disaster- including rescue, sheltering, feeding, etc.

20. Relocation Services: Volunteers can help in moving individuals and families from damaged areas to shelters and other temporary or permanent housing facilities.

21. Mass Care: Volunteers can provide a variety of mass care activities such as:
    a. Identifying and setting up shelter facilities;
    b. Distributing food and other goods to the shelters;
    c. Feeding disaster victims (either in shelters or through mobile feeding units);
    d. Providing temporary shelter for disaster victims;
    e. Providing housing for disaster relief workers;
    f. Rendering the First Aid when necessary.

22. Mental Health Services: Volunteers can provide assistance to disaster victims and relief workers to alleviate mental stress and anguish caused either by the disaster or the disaster relief operation.

23. Mitigation Planning: Volunteers can assist in the mitigation phase of emergency management by assisting in activities like rebuilding homes outside of flood zones, retrofitting buildings in earthquake prone areas, and educating families on mitigation measures in the home.

24. Organizational Mentoring: Volunteers can work with local agencies, CBOs and NGOs that lack disaster experience to help them develop their abilities and respond effectively to the needs of disaster victims.

25. Mobile Feeding: Where needed, volunteers can assist in managing mobile feeding units to serve hot meals to disaster victims and relief personnel on site.

26. Resource Coordination: Before, during, and after an emergency or disaster, volunteers exchange information on the acquisition and use of personnel and materials resources. This information helps in effective and efficient allocation of resources and helps to reduce the duplication of services.

27. Special Needs: Volunteers can assist in identifying populations that have special needs and then meeting those needs (e.g., the elderly, disabled, or orphaned; a particular religious group with special dietary needs).

28. Technical Assistance: Volunteers can assist in providing the emergency tele-communications and management information systems support to the disaster management team.

29. Training: Volunteers can also train community-based volunteers in major response and recovery activities and provide trainings to disaster-affected individuals.

> **"The smallest act of kindness is worth more than the grandest intention."**
> Oscar Wilde

V. OBJECTIVES OF THE SCHEME

i. To create a cadre of Youth Volunteers in the state for effective disaster risk reduction.

ii. To train the Youth volunteers in life saving skills of medical first aid & search and rescue.

VI. SPREAD OF THE SCHEME

i. All the twelve districts of Himachal Pradesh.

ii. Create at least 10 to 20 trained volunteers in each Panchayat in the next 3 years.

VII. REMUNERATION TO THE VOLUNTEERS

i. During the trainings, the volunteers will be paid the travel reimbursement as per actuals only as the lunch and tea will be provided during the trainings.

ii. If the volunteer is coming to attend the training from a remote area and needs accommodation, then he/she may be provided with the boarding & lodging facility.

iii. In order to attract talented youth to act as a volunteer and spare his/her valuable time to undergo the relevant training courses, he/she may be paid an honorarium of Rs. 200/- (Two Hundred) per day while undergoing the training.

iv. These trained volunteers will be paid as per the Government of India's guidelines and rules whenever their services are utilized during the disaster response, relief and rehabilitation activities, etc. by the respective district administration out of the funds available with them for disaster response.

VIII. IMPLEMENTING DEPARTMENTS

1. The Himachal Pradesh State Disaster Management Authority (HPSDMA) through the Disaster Management Cell, Department of Revenue, Govt. of Himachal Pradesh will be responsible for the overall implementation of the scheme.
2. The District Disaster Management Authorities (DDMAs) will identify volunteers at the District level and get them trained in Search & Rescue and Medical First Response. The volunteers may be drawn from Red Cross, NYKS, Youth Clubs, Yuvak Mandals, Mahila Mandals, NSS, NCC, Ex-servicemen, volunteers affiliated with various NGOs, etc.
3. The District Disaster Management Authorities will maintain a database of the volunteers so trained and utilize their services for various disaster management related activities. Their regular refresher training courses and orientation may also be ensured.
4. The DDMAs may involve the institutes like Indian Red Cross, St John Ambulance Brigade, GVK-EMRI-108 Ambulance services, Department of Civil Defence, Home Guards and Fire Services, Atal Bihari Vajpayee Institute of Mountaineering and Allied Sports, Manali, Pong Dam- Water Sports Centre (For water related disasters/ accidents) to conduct training programs for these volunteers.
5. These volunteers may be linked to nearby fire station, Home Guards and Civil Defence units to ensure their maximum utilization.
6. The HPSDMA or the State Government may provide for the certification of volunteers through a comprehensive training module.
7. The HPSDMA/DDMA may provide the 'Identity Card' and separate identity to these volunteers.

IX. FUNDING

Funds for this scheme may be provided by the SDMA, out of Training and Capacity Building funds under the 14th Finance Commission/subsequent Finance Commissions or other funds available with DM Cell. Funds may also be obtained from other source such as Govt. of India Scheme(s), Corporate Social Responsibility, other donor agencies, etc.

राज्य में बेहतर आपदा तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए युवा स्वयंसेवकों के कार्यबल के गठन हेतु योजना

कार्यान्वयन दिशानिर्देश

I. पृष्ठभूमि

हिमाचल प्रदेश भारत के अत्यन्त बहु–संकट प्रवृत्त राज्यों में से एक है। राज्य विभिन्न प्रकार के प्राकृतिक संकटों का सामना करता है। जैसे भूगर्भीय संकट (भूकम्प और भूस्खलन) मौसम व जल–चक्र से जुड़े संकट जैसे– नदी की बाढ़, अति वृष्टि या बादल फटना, हिमनद झील के फटने से आने वाली बाढ़, शीत–लहर, हिमस्खलन, ओलावृष्टि, आदि। जलवायु परिवर्तन आपदाओं के प्रभाव को बढ़ा देता है और कृषि, बागवानी, मानव वस्तियों, मानव और पशु स्वास्थय पर इसका गम्भीर प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा, राज्य नियमित रूप से विभिन्न मानव–जनित संकटों का सामना करता है जैसे अग्निकांड, परिवहन से संबंधित दुर्घटनाएं, धार्मिक मेलों में भगदड़ आदि जिनसे मानव जीवन को बहुत अधिक क्षति होती है।

पहाड़ी राज्य की जनसंख्या के विरल घनत्व ने देश के कई राज्यों की तुलना में हिमाचल प्रदेश में आपदाओं के प्रति मानव जीवन को जोखिम का स्तर कम है। यद्यपि विभिन्न जोखिम क्षेत्रों में हाइड्रो–इलेक्ट्रिक परियोजनाओं और संचार नेटवर्क, उत्पादक संपत्तियों और कमजोर घरों, सामाजिक और सामुदायिक अवसंरचना जैसे उच्च–निवेश वाली अधोसंरचना की मौजूदगी राज्य की अर्थव्यवस्था को आपदा ला सकने वाले अनेकों संकटों की जद में लाती है। इस तरह के संकट विशेष रूप से राजधानी शिमला जैसे अनियोजित और बढ़ती आबादी वाले नगरों में मौजूद हैं। राज्य नियमित रूप से औसतन 1,678 मानव जीवन, 7,711 जानवरों, 349 हजार टन कृषि और बागवानी फसलों के वार्षिक नुकसान के साथ छोटे से मध्यम पैमाने पर आपदाओं का सामना करता है, और 11,671 घरों की क्षति के अलावा 119 हजार पेड़ और सड़कों और अन्य अवसंरचना के लिए बेहिसाब क्षति वहन कर रहा है। इसके अलावा, किसी बड़े भूकम्प के कारण राज्य में जिदंगी और अर्थव्यवस्था पर विनाशकारी प्रभाव के साथ क्षति अधिकतम हानि हो सकती है। औसत वापसी अवधि को ध्यान में रखते हुए, विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि इस हिमालयी राज्य में भूकम्प के रूप में एक विनाशकारी आपदा आने की सम्भावना बहुत अधिक है।

II. आपदा तत्परता एवं प्रतिक्रिया हेतु स्वैच्छावाद

स्वयंसेवक आमतौर पर किसी भी आपदा या दुर्घटना वाले स्थान पर सबसे पहले पहुँचते हैं। यह तथ्य इसलिए भी अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि आपदाओं के प्रभाव की व्यापकता, चाहे सम्पत्ति की क्षति से जुड़ी हो या मानव जीवन से, आपदा के तुरन्त बाद किए गए त्वरित राहत व बचाव कार्यों से प्रभावित होती है। आज जबकि आपदाओं के बाद की जाने प्रतिक्रिया के बारे में लिखा व समझा जा रहा है, तब भी पुनर्निर्माण, राहत कार्याओं के प्रबंधन, व विशेषकर, आपदा तत्परता सम्बन्धी स्वैच्छिक कार्य के बारे में ज्ञान बहुत सीमित है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के संकल्प 56/381 ने आपदाओं के प्रबंधन में स्वयंसेवकों के योगदान का समर्थन किया है। विभिन्न प्रकार की आपदाओं के बारे में ज्ञान बढ़ने के बावजूद जमीनी–स्तर पर कार्यरत स्वयंसेवकों व स्वैच्छिक संगठनों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण में सम्मिलित नहीं किया गया है।।

आपदाओं में कमी के लिए एक सही प्रशासनिक संरचना आपदाओं के दौरान स्वैच्छावाद और सामाजिक पारस्परिकता के मूल्यों की अभिव्यक्तियों को प्रोत्साहित करती है। वास्तव में, स्वयंसेवकों व उनके साथ कार्य करने वाली संस्थाओं को आपदा जोखिम न्यूनीकरण की प्रक्रिया में सम्मिलित करने के लिए संस्थागत व नीतिगत बुनयादी ढाँचे का गंभीर अभाव है। इसके परिणाम–स्वरूप स्वयंसेवकों द्वारा की जा सकने वाली सुनियोजित व सुव्यवस्थित आपदा प्रतिक्रिया का लाभ नहीं लिया जा पाता है। सबसे बुरी स्थिति में, नियोजन चरण में सहज लेकिन अक्सर अप्रशिक्षित स्वयंसेवी प्रतिक्रियाओं की उपेक्षा करने से आपदा पीड़ितों के साथ–साथ स्वयंसेवकों के लिए जीवन–भयसूचक स्थितियां उत्पन्न हो सकती है।

स्वयंसेवकों और संगठनों से जुड़े स्वयंसेवकों की भूमिका और योगदान के बारे में जन–जागरूकता व मान्यता व्यापक आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु नियोजन का एक महत्वपूर्ण घटक है। आपदा के तत्काल बाद, पहली प्रतिक्रिया सहज

व संगठित दोनों सामान्यतः स्थानीय समुदायों से आती है। आपदा के बाद समुदाय की क्षमताओं का पूर्ण लाभ लेने के लिए, प्रभावित समुदायों को अच्छी तरह से तैयार होने की आवश्यकता है। इस दिशा में पहला कदम स्थानीय स्वयंसेवक प्रयासों के महत्व की औपचारिक मान्यता है। ऐसी मान्यता को पर्याप्त वित्तीय और मानव संसाधनों के प्रावधान और आपदा प्रबंधन कार्यक्रमों में प्रभावी स्वयंसेवी प्रबंधन प्रथाओं के एकीकरण में बदलने की आवश्यकता है।

III. आपदा प्रबन्धन अधिनियम, नियम और नीति- राज्य में स्वैच्छावादः

धारा 30 (2)(xii) के अधीन आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 बताता है कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डी डी एम ए) जिला में अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं के विभिन्न स्तरों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित और समन्वियत करेगा।

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन नीति 2011 यह बताती है कि स्थानीय अधिकारियों, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी निकायों के नेतृत्व में समुदाय, ग्राम स्वयंसेवकों ग्राम आपदा प्रबंधन टीमों, ग्रामीण युवाओं और महिला संगठन, नागरिक संगठनों, गैर सरकारी संस्थाओं इत्यादि की भूमिका और महत्व बताती है। आपदा प्रतिकिया का आधार भली भांति पहचाना जा सकता है। आपदा प्रबंधन में राज्य नीति राज्य और जिला स्तर ग्रामीण आपदा प्रबन्धन टीम पर स्वयंसेवकों, नेशनल केडट कोर, नेशनल सर्विस स्कीम, नेहरू युवा केन्द्र संगठन स्वंयसेवक, महिला और युवक मंडल आदि को खोज एवं बचाव व प्राथमिक उपचार में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कहती है।

हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन योजना 2017 किसी भी आपदा के मामले में राज्य में खोज और बचाव के लिए आपातकालीन सहायता कार्यों में स्वयंसेवकों को माध्यमिक एजेंसी के रूप में शामिल करता है। आपदा संकट में कमी (2015–2030) के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क (Sendai Framework) की कार्यवाही की प्राथमिकताओं के अधीन, राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर की गतिविधियां सभी स्तरों पर सरकारी अधिकारियों के ज्ञान के लिए संर्वधन पर बल देती है। सिविल सोसाइटी, समुदायों और स्वयंसेवकों के साथ–साथ निजी क्षेत्र, मौजूदा प्रशिक्षण और शिक्षा तंत्र और सहकर्मी सीखने के उपयोग सहित अनुभवों को साझा करने, सीखने के पाठ, अभ्यास और आपदा जोखिम में कमी और शिक्षा के माध्यम से जागरूकता पैदा करने पर बल देते हैं।

सरकार द्वारा अपनाई गई दृष्टि दस्तावेज (आलेख) यह कहता है कि भूकम्प और भूस्खलन जैसी आपदाओं से निपटने के लिए, स्थानीय स्तर पर युवा स्वयंसेवकों का कार्य बल गठित किया जाएगा।



IV. आपदा जोखिम न्यूनीकरण में स्वयंसेवकों का औचित्य

आपदा प्रबंधन चक्र की जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए, आपदाओं के सभी चरणों में प्रभावी उपायों को सुनिश्चित करना बहुत चुनौतीपूर्ण है। आपदा संकट में कमी से संबंधित गुणवत्ता सेवाएं प्रदान करने के लिए समय, क्षमताओं और संसाधनों–विशेष रूप से मानव संसाधनों की आवश्यकता होती है। इस क्षेत्र में काम कर रहे अधिकांश संगठनों और एजेंसियों का मानना है कि स्वयंसेवक आपदा के पहले, उसके दौरान और बाद में कई सेवाएं प्रदान करने में सहायता कर सकते हैं। आपदा संकट में कमी के लिए स्वयंसेवक निम्नलिखित महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं:

1. पक्षसमर्थनः

   स्वयंसेवक बदलाव के प्रतिनिधि के रूप में काम करके समुदाय की जरूरतों को स्थानीय और राज्य सरकार तक पहुंचा सकते हैं।

2. थोक वितरणः

   स्वयंसेवक भोजन, पानी, स्वास्थ्य और स्वच्छता आवश्यकताओं, दवाइयों, विस्तरों, आश्रय निर्माण सामग्री आदि जैसी मूल वस्तुओं की खरीद और वितरण में सहायता कर सकते हैं।

3. साफ–सफाई और पुनर्निर्माणः

   स्वयंसेवक आपदा से क्षतिग्रस्त लोगों के घरों की सफाई, मरम्मत व पुनर्निर्माण में मदद कर सकते हैं।

4. संचार सेवाएंः

   स्वयंसेवक आपदाओं में काम कर रही एजेंसियों और स्थानीय सरकार कर्मियों को आपातकालीन संचार प्रदान करने में सहायता कर सकते हैं।

5. सामुदायिक आपदा शिक्षाः

   स्वयंसेवक समुदाय–स्तरीय आपदा जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल हो सकते हैं। उदाहरण के लिए वे पुस्तिकाएं वितरित कर सकते हैं और आपदाओं के लिए तैयारी करने के तरीकों पर समुदाय समूहों को प्रस्तुतीकरण दे सकते हैं।

6. सामुदायिक पहुंचः

   स्वयंसेवक स्थानीय आपदा राहत अभियान, मौजूदा क्षति और राहत प्रयासों का समर्थन करने के संभावित तरीकों के बारे में शिक्षित करने के लिए व्यक्तियों और संगठनों से संपर्क कर सकते हैं।

7. निर्माण, मरम्मत और रेट्रोफिटिंगः

   स्वयंसेवक आपदाओं से क्षतिग्रस्त भवनों की मुरम्मत और मौजूदा भवनों के पुनर्निर्माण में नए घरों के सुरक्षित निर्माण में सहायता कर सकते हैं।

8. कांउसिलिगः

   स्वयंसेवक आपदा के पीड़ितों को व्यक्तिगत और परिवारिक परामर्श और भावनात्मक समर्थन प्रदान कर सकते हैं।

9. क्षति आंकलनः

   आपदा से होने वाली क्षति का आंकलन करने के लिए आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की समीक्षा कर सकते हैं। ताकि पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक संसाधनों का अनुमान लगाने के लिए मदद हो सके।

10. मलबा हटानाः

    स्वयंसेवक मलबे को हटाने में सहायता कर सकते हैं और पेड़ों को काटने और साफ करने जैसी गतिविधियों में सहायता कर सकते हैं।

11. आपदा योजनाः

    स्वयंसेवक आपदाओं के प्रभाव को कम करने और किसी भी संभावित आपदा स्थिति से निपटने के लिए तैयार करने में सहायता करने के लिए आपदाओं से पहले समुदाय के साथ काम कर सकते हैं।

12. दान प्रबंधनः

    स्वयंसेवक नकद और वस्तु रूप में दान के लिए दान प्रबंधन में सरकारी या राहत एजेंसियों की सहायता कर सकते हैं। यह प्रणाली आपदाओं के दौरान दान प्राप्त करने, परिवहन करने, गोदामों और वितरण में सहायक सिद्ध होती है।

13. आपातकालीन सहायता:

स्वयंसेवक आपदा, भोजन, कपड़े, आश्रय, बिस्तर, विश्राम आपूर्ति इत्यादि सहित आपदा के तुरन्त बाद आपातकालीन सहायता प्रदान कर सकते हैं।

14. वित्तीय सहायता:

स्वयंसेवक धन, वित्तिय सहायता और/या दीर्घकालिक पुर्नवास अनुदान बढ़ाने में राहत एजेंसियों को सहायता प्रदान कर सकते हैं।

15. वित्तीय योजना:

स्वयंसेवक आपदा पीड़ितों को व्यक्तिगत वित्तिय रिकॉर्ड का पता लगाने, उनकी वर्तमान वित्तिय समिति की समीक्षा करने और आपदा के वित्तिय प्रभावों से उभरने में सहायता करने, सलाह प्रदान करने में सहायता प्रदान कर सकते हैं।

16. अंतिम संस्कार सेवाएं:

स्वयंसेवक आपदा में मृत लोगों के परिवारों के लिए अंतिम संस्कार सेवाओं की व्यवस्था करने में सहायता कर सकते हैं।

17. स्वास्थ्य देखभाल:

स्वयंसेवक आपदा स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा प्रदान कर सकते हैं और अन्य स्वास्थय देखभाल संगठनों का भी समर्थन कर सकते हैं जो आपदा पीड़ितों को सहायता प्रदान कर सकते हैं।

18. पीड़ितों की पहचान:

स्वयंसेवक आपदा पीड़ितों को ढूँढने और प्रभावित क्षेत्र के बाहर परिवार और मित्रों से पूछताछ करने में जानकारी प्रदान करने में सहायता कर सकते हैं।

19. पशुधन और पालतु जानवरों की देखभाल:

स्वयंसेवक आपदा के दौरान जानवरों की देखभाल पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं– बचाव, आश्रय, भोजन आदि सहित।

20. समूहित संरक्षण:

स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की जन संरक्षण गतिविधियों में सहायता कर सकते हैं जैसे कि:

क आश्रय सुविधाओं की पहचान और स्थापना

ख आश्रय में भोजन और अन्य सामान वितरित करना।

ग आपदा पीड़ितों को आश्रयों में या मोबाईल फीडिंग इकाइयों के माध्यम से भोजन कराना

घ आपदा पीड़ितों के लिए अस्थायी आश्रय प्रदान करना।

ङ आपदा राहत कार्यकर्ताओं के लिए आवास प्रदान करना।

च आवश्यक होने पर प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करना।

21. मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं:

स्वयंसेवक आपदा पीड़ितों और राहत श्रमिकों को आपदा या आपदा राहत अभियान के कारण मानसिक तनाव और पीड़ा को कम करने के लिए सहायता प्रदान कर सकते हैं।

22. प्रशमन योजना:

स्वयंसेवक बाढ़ क्षेत्रों के बाहर घरों के पुनर्निर्माण, भूकम्प प्रवृत्त क्षेत्रों में भवनों को पुनर्निर्मित करने, और भवन में शमन उपायों पर परिवारों को शिक्षित करने जैसी गतिविधियों में सहायता करके आपातकालीन प्रबंधन के न्यूनीकरण चरण में सहायता कर सकते हैं।

23. गतिशील (मोबाइल) आहार:

जहां आवश्यक हो, स्वयंसेवक आपदा पीड़ितों और राहत कर्मियों को गर्म भोजन की सेवा के लिए गतिशील आहार इकाइयों के प्रबंधन में सहायता कर सकता है।

24. संगठनात्मक सलाह:

स्वयंसेवक स्थानीय एजेंसियों, समुदायिक आधारित संगठनों और गैर–सरकारी संगठनों के साथ काम कर सकते हैं जिनमें आपदा क्षमताओं की कमी होती है ताकि वे अपनी क्षमताओं को विकसित कर सकें और आपदा पीड़ितों की जरूरतों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें।

25. पुनर्निवास सेवाएं:
    स्वयंसेवक व्यक्तियों और परिवारों को क्षतिग्रस्त इलाकों से आश्रयों और अन्य अस्थाई या स्थाई आवास सुविधाओं में स्थानांतरित करने में सहायता कर सकते हैं।

26. संसाधन समन्वय:
    आपातकाल या आपदा से पहले, दौरान और बाद में, स्वयंसेवक अर्जन और कर्मियों और सामग्रियों के उपयोग पर जानकारी का आदान–प्रदान करते हैं। यह जानकारी संसाधनों के प्रभावी और कुशल आवंटन में सहायता करती है और सेवाओं के दोहराव को कम करने में सहायता करती है।

27. विशेष आवश्यकताएं:
    स्वयंसेवक उस वर्ग की पहचान करने में सहायता कर सकते हैं जिनकी विशेष आवश्यकताएं है और फिर उन जरूरतों को पूरा करना (उदाहरण के लिए, बुर्जग, विकलांग या अनाथाश्रम, विशेष आहार संबंधी विशेषताओं वाले विशेष धार्मिक समूह)।

28. तकनीकी सहायता:
    स्वयंसेवक आपदा प्रबंधन टीम को दूरसंचार और प्रबंधन सूचना प्रणाली में सहायता कर सकते हैं।

29. प्रशिक्षण:
    स्वयंसेवक समुदाय–आधारित स्वयंसेवकों को प्रमुख प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य लाभ गतिविधियों में प्रशिक्षित कर सकते हैं और आपदा प्रभावित व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान कर सकते हैं।

V. योजना के उद्देश्य:

इस योजना के निम्न उदेश्य हैं:

क प्रभावी आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए राज्य में युवा स्वयंसेवकों का एक कैडर बनाना।

ख चिकित्सीय प्राथमिक सहायता और खोज व बचाव के जीवन–रक्षक कौशल में युवा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करना।

VI. योजना का विस्तार:

क हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिले।

ख आगामी 3 वर्षों में प्रत्येक पंचायत में कम से कम 10–20 प्रशिक्षित स्वयंसेवक तैयार करना।

VII. स्वयंसेवकों के लिए पारिश्रमिक:

क प्रशिक्षण के दौरान स्वयंसेवकों को केवल वास्तविकता के अनुसार यात्रा प्रतिपूर्ति का भुगतान किया जाएगा तथा प्रशिक्षण के दौरान दोपहर का भोजन और चाय प्रदान की जाएगी।

ख यदि स्वयंसेवक दूरस्थ क्षेत्र से आ रहा है और आवास की आवश्यकता है तो उसके ठहरने व खाने की व्यवस्था करना।

ग प्रतिभाशाली युवाओं को स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने की ओर आकर्षित करने और प्रशिक्षण के लिए अपना मूल्यवान समय देने के लिए उन्हें ट्रेनिंग के दौरान प्रतिदिन 200 रूपये मानदेय दिया जाएगा।

घ जब भी इन प्रशिक्षित युवाओं की सेंवाएं आपदा प्रतिक्रिया, राहत एवं पुर्ननिवास कार्यों इत्यादि के दौरान ली जाएगी तब उन्हें भारत सरकार के दिशार्निदेशों व नियमों के अनुसार पारिश्रामिक प्रदान किया जाएगा।

VIII. कार्यान्वयन विभाग:

1 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण व आपदा प्रबन्धन सेल राजस्व विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार इस योजना का संचालन करेगा।

2 जिला स्तर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डी॰डी॰एम॰ए॰) स्वयंसेवकों की पहचान करेगा और उन्हें खोज और बचाव व प्राथमिक चिकित्सीय सहायता में प्रशिक्षित करेगा। स्वयंसेवकों को रेड क्रॉस, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, युवा क्लब, युवा मंडल, महिला मंडल, एन॰एस॰एस॰, एन॰सी॰सी॰, पूर्व

सैनिक, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों से लिया जा सकता है।

3 जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण भारतीय रेड क्रॉस, सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जी॰वी॰के॰–ई॰एम॰आर॰आई॰–108 एम्बुलेंस सेवाएं, नागरिक रक्षा विभाग, गृह गार्ड और अग्निशमन सेवा संस्थान, अटल विहारी वाजपेयी पर्वतारोहण इंस्टीट्यूट और सहयोगी खेल मनाली, पौंग डैम जल खेल केन्द्र (पानी से संबंधित आपदाओं/दुर्घटनाओं आदि के लिए) जैसे संस्थानों के सहयोग से इन स्वयंसेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं।

4 जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण स्वयंसेवकों का डेटावेस बनाएंगे ताकि आपदा प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों के लिए उनकी सेवाओं का उपयोग किया जा सके। उनकी नियमित रीफ्रेशर प्रशिक्षण और अभिविन्यास भी सुनिश्चित किया जाएगा।

5 इन स्वयंसेवकों को उनका अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए पास के फायर स्टेशन/गृह गार्ड/नागरिक रक्षा इकाइयों से जोड़ा जा सकता है।

6 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण/राज्य सरकार एक व्यापक प्रशिक्षण मॉडयूल के माध्यम से स्वयंसेवकों के प्रमाणीकरण के लिए योजना बना सकती है।

7 राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण / जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण इन स्वयंसेवकों को पहचान पत्र और अलग पहचान प्रदान कर सकता है।

IX. अनुदानः

इस योजना के लिए व अगले वित्त आयोग या आपदा प्रबन्धन सेल के पास उपलब्ध अन्य वित्त के अधीन प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण निधि से राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण द्वारा प्रदान किया जा सकता है। वित्त अन्य स्त्रोतों जैसे कि भारत सरकार की योजनाओं, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, इत्यादि से भी प्राप्त किया जा सकता है।

वार्षिक जन-जागरूकता अभियान समर्थ के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आपदा तत्परता पर संदेश देते स्वयंसेवक

Himachal Pradesh State Disaster Management Authority (HPSDMA)
Department of Revenue
Himachal Pradesh Secretariat
Shimla 171002
Telephone: 0177 2880331, 2880320
E-mail: sdma-hp@nic.in
Website: www.hpsdma.nic.in

HPSDMA